बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्

परिवेश भवन, एन0एस0बी0–2,पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र,सदाकत आश्रम पटना–800010
दूरभाष संख्या : 2261250 / 2262265 / 2261709
ई–मेल–bspcb@yahoo.com, वेबसाईट–http://bspcb.bih.nic.in

अधि0 सू0 सं0:- 11 दिनांक:- 06-04-21

अधिसूचना

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के पर्षद् मंडल की दिनांक 24.03.2021 को संपन्न 110वीं बैठक में लिए गए निर्णयानुसार जीव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली, 2016; परिसंकटमय एवं अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन एवं सीमापारीय संचरण) नियमावली, 2016 के अतंर्गत प्राधिकार एवं प्लास्टिक प्रबंधन अपशिष्ट नियमावली, 2016 के अंतर्गत पंजीकरण के लिये पर्षद् को प्राप्त आवेदनों के प्रसंस्करण हेतु प्रसंस्करण शुल्क के रूप में प्रति आवेदन रू0 2000/- (दो हजार) रूपये निर्धारित किया जाता है। यह शुल्क ऑनलाइन सहमति प्रबंधन एवं अनुश्रवण प्रणाली (OCMMS) के माध्यम से पर्षद् को समर्पित किये गये आवेदनों के साथ ऑनलाइन भुगतान के द्वारा ही किया जाएगा।

यह आदेश दिनांक 08.04.2021 की तिथि से प्रभावी होगा।

ह0/-
(एस0 चन्द्रशेखर)
सदस्य-सचिव

ज्ञापांक 722 दिनांक 06.04.21

प्रतिलिपि: पर्षद् विश्लेषक/ सभी पर्यावरण अभियंता/ सभी क्षेत्रीय पदाधिकारी/ सभी सहायक पर्यावरण अभियंता/ सभी वैज्ञानिक/ सभी सहायक वैज्ञानिक पदाधिकारी/ मिडिया कन्सलटेन्ट (पी0 आर0 सेल)/आई0 टी0 सेल/ आय-व्यय एवं बजट पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। आई0 टी0 सेल को निर्देश दिया जाता है कि निर्गत अधिसूचना को पर्षद् के बेवसाईट पर अपलोड किया जाए तथा OCMMS में इस हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।

06/4/21
(एस0 चन्द्रशेखर)
सदस्य-सचिव